भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.09.2022

"Works Contracts & Quotation" विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक आरेडिका **श्री एस. एस. कलसी के निर्देशानुसार, आरेडिका/रायबरेली** में दिनांक 28 सितम्बर 2022 को 15:30 बजे से,"Works Contracts & Quotation"विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन सतर्कता विभाग द्वारा किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में **श्री श्रीनिवास मलाडी, निदेशक सतर्कता (इंजीनियरिंग), रेलवे बोर्ड** के द्वारा उक्त विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

संगोष्ठी में, महाप्रबंधक महोदय के साथ–साथ सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, संबंधित विभाग के उप विभागाध्यक्ष एवं अन्य हितधारक शामिल हुये एवं जानकारी प्राप्त की, जो निश्चित तौर पर पारदर्शी तरीके से कार्य करने एवं कार्य दक्षता को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

इस अवसर पर महाप्रबंधक, महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आशा कि, इस प्रकार के आयोजन समय समय पर किये जाने चाहिए जिससे संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य दक्षता में सुधार होगा और कार्य करने की पद्वति में पारदर्शिता आयेगी।

मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मनोज कुमार आग्रवाल ने महाप्रबंधक, **मुख्य वक्ता श्री श्रीनिवास मलाडी** एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ–साथ अन्य सभी संबंधितों को कार्यक्रम को प्रायोजित करने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

28/9/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी